www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 December 24, 2011 Shift 1 Library and Information Science Question Paper**

# PAPER-II
# LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________

(In words)

**D 5 9 1 1**

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

1. National Knowledge Commission was launched under the chairmanship of
   (A) Nandan Nilekani
   (B) Deepak Nayar
   (C) Sam Pitroda
   (D) Ashok Ganguli

2. Amendment to 'Delivery of Books (Public Libraries) and Newspapers Act' was enacted in India in the year
   (A) 1952 (B) 1954
   (C) 1956 (D) 1962

3. 'Quality Circles' in organization is used in
   (A) Personnel Estimation
   (B) Personnel Evaluation
   (C) Management Control
   (D) Participative Management

4. In PRECIS, role operator Zero (0) is allotted for
   (A) Action (B) Object
   (C) Agent (D) Location

5. The idea of Thesaurofacet was developed by
   (A) G. Bhattacharya
   (B) S. R. Ranganathan
   (C) Jean Aitchison
   (D) Derek Austin

6. Which of the model is not based on the analysis of the subject ?
   (A) Citation Indexing
   (B) PRECIS
   (C) Chain Indexing
   (D) Uniterm Indexing

7. 'Scalar Chain' shows
   (A) Authority Structure
   (B) Scale of Performance of Staff
   (C) Chain for locating racks
   (D) A link in the chain

8. The Principle of Canonical Sequence is one of the principles of
   (A) Facet Sequence
   (B) Fundamental Categories
   (C) Helpful Sequence
   (D) Basic laws

9. Gazetteer of India was first published by
   (A) Ministry of Education and Social Welfare
   (B) Ministry of Information and Broadcasting
   (C) Ministry of Home Affairs
   (D) Controller of Publications

10. The Digital Millennium Copyright Act (DMCA) is
    (A) United States Copyright Law
    (B) British Copyright Law
    (C) European Copyright Law
    (D) Russian Copyright Law

11. Who is the author of 'Systematic Indexing' ?
    (A) E.J. Coates
    (B) J. Kaiser
    (C) C.A. Cutter
    (D) J.W. Metcalfe

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट** : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** राष्ट्रीय ज्ञान आयोग किसकी अध्यक्षता में प्रारम्भ किया गया है ?
(A) नंदन नीलेकणी
(B) दीपक नैयर
(C) सेम पिट्रोडा
(D) अशोक गांगुली

**2.** 'डिलीवरी ऑफ बुकस् (पब्लिक लाइब्रेरीस) एण्ड न्यूज़पेपर एक्ट' का संशोधन भारत में किस वर्ष में किया गया था ?
(A) 1952 (B) 1954
(C) 1956 (D) 1962

**3.** संगठन में 'क्वालिटी सर्क्ल्स' का उपयोग किस लिए किया जाता है ?
(A) कार्मिक आकलन
(B) कार्मिक मूल्यांकन
(C) प्रबन्ध नियन्त्रण
(D) सहभागी प्रबन्ध

**4.** प्रेसिस में, भूमिका प्रचालक शून्य (0) किसके लिये आबंटित है ?
(A) एक्शन (B) ऑब्जेक्ट
(C) एजेन्ट (D) लोकेशन

**5.** थीसॉरो फेसेट का विचार किसने विकसित किया है ?
(A) जी. भट्टाचार्य
(B) एस.आर. रंगनाथन
(C) जीन एटचीसन
(D) डेरेक ऑस्टिन

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा मॉडल विषय के विश्लेषण पर आधारित नहीं है ?
(A) साइटेशन इनडेक्सिग
(B) प्रेसिस
(C) चेन इनडेक्सिग
(D) यूनिटर्म इनडेक्सिग

**7.** 'स्केलर चेन' क्या दर्शाती है ?
(A) सत्ता का ढ़ांचा
(B) स्टाफ के निष्पादन का स्केल
(C) रैक्स खोजने की चेन
(D) चेन में कड़ी

**8.** विहित अनुक्रम (कैनॅनिकल सिक्वेंस) का सिद्धान्त किन सिद्धान्तों का एक है ?
(A) पक्ष अनुक्रम
(B) मूलभूत श्रेणियाँ
(C) सहायक अनुक्रम
(D) मूलभूत सिद्धान्त

**9.** भारत का गज़ेटियर (स्थान विवरणिका) सर्वप्रथम किसके द्वारा प्रकाशित किया गया ?
(A) शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय
(B) सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय
(C) गृह मन्त्रालय
(D) प्रकाशन नियन्त्रक

**10.** डिजिटल मिलेनिअम कॉपीराइट एक्ट (डी एम सी ए) कहाँ का एक्ट है ?
(A) यूनाइटेड स्टेट्स कॉपीराइट लॉ
(B) ब्रिटिश कॉपीराइट लॉ
(C) यूरोपियन कॉपीराइट लॉ
(D) रूसी कॉपीराइट लॉ

**11.** 'सिस्टेमैटिक इनडेक्सिग' का लेखक कौन है ?
(A) इ.जे. कोट्स
(B) जे. केसर
(C) सी.ए. कट्टर
(D) जे.डब्लु मेटकाफ

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. Public Library Manifesto was developed by
(A) Delhi Public Library
(B) UNESCO
(C) RRRLF
(D) IFLA

13. NACLIN is sponsored by
(A) INFLIBNET
(B) MALIBNET
(C) DELNET
(D) NICNET

14. Douglas McGregor is known for the
(A) Theory X & Theory Y
(B) Two Factor Theory
(C) Management grid
(D) Theory of Leadership

15. SCOPUS is a/an
(A) Indexing Database
(B) Numerical Database
(C) Full Text Database
(D) Abstract and Citation Database

16. Which national agency in India is assigning the ISSN ?
(A) BIS
(B) RRRLF
(C) NISCAIR
(D) National Library, Kolkata

17. Library Herald is published from
(A) Kolkata
(B) Bangalore
(C) Delhi
(D) Lucknow

18. INFROSS is an important study frequently quoted in
(A) Historical Research
(B) Survey Research
(C) Experimental Research
(D) Case Study

19. Zipf's Law deals with
(A) Scattering of articles in a subject
(B) Productivity of authors in terms of scientific papers
(C) Frequency of occurrence of words in a text
(D) Law of book selection

20. Identify the odd one
(A) Louis Shores
(B) William A. Katz
(C) Samuel Rothstein
(D) Michael Gorman

21. **Assertion (A) :** Information Society is one where all citizens are educated.
**Reason (R) :** Society of which more than 50% population is involved in information activities.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) (A) is false but (R) is true.

22. **Assertion (A) :** Information Science has emerged from Information Technology.
**Reason (R) :** Information Science has emerged with the agglomeration of many subjects, including information technology.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** पब्लिक लाइब्रेरी घोषणा पत्र किसके द्वारा तैयार किया गया था ?
(A) दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(B) यूनेस्को
(C) आर.आर.आर.एल.एफ
(D) इफ्ला (आई.एफ.एल.ए.)

**13.** नेकलिन किसके द्वारा प्रायोजित किया जाता है ?
(A) इनफ्लिबनेट (B) मैलिबनेट
(C) डेलनेट (D) निकनेट

**14.** डगलस मैकग्रीगॅर किसके लिये जाने जाते हैं ?
(A) X & Y सिद्धान्त
(B) दो कारक सिद्धान्त
(C) प्रबन्ध ग्रिड
(D) नेतृत्व का सिद्धान्त

**15.** स्कोपस क्या है ?
(A) इनडेक्सिग डेटा बेस
(B) संख्यात्मक डेटा बेस
(C) संपूर्ण-विषय डेटा बेस
(D) सारण और उद्धरण डेटा बेस

**16.** भारत में कौन सी राष्ट्रीय एजेन्सी आइ एस एस एन को आबंटित करती है ?
(A) बी आइ एस (बिस)
(B) आर आर आर एल एफ
(C) एन आइ एस सी ए आइ आर (निसकेयर)
(D) नेशनल लाइब्रेरी, कोलकता

**17.** लाइब्रेरी हेराल्ड कहां से प्रकाशित होता है ?
(A) कोलकता (B) बंगलौर
(C) दिल्ली (D) लखनऊ

**18.** आइ एन एफ आर ओ एस एस (इनफ्राँस) महत्त्वपूर्ण अध्ययन है जो कि अक्सर किसमें उद्धृत किया जाता है ?
(A) ऐतिहासिक शोध
(B) सर्वेक्षण शोध
(C) प्रायोगिक शोध
(D) केस स्ट्डी

**19.** ज़िप्फ् का सिद्धान्त किससे सम्बन्धित है ?
(A) विषय में लेखों के छितराव से
(B) वैज्ञानिक लेखों के संदर्भ में लेखक उत्पादकता से
(C) पाठ में शब्दों के आने की आवृत्ति से
(D) पुस्तक चयन सिद्धान्त से

**20.** विषम की पहचान करें
(A) लुईस शोरस्
(B) विलियम ए. काट्ज़
(C) सैम्यूल रॉथस्टेन
(D) माईकल गॉरमैन

**21.** **अभिकथन (A) :** सूचना समाज वो है जहाँ समस्त नागरिक शिक्षित होते हैं ।
**कारण (R) :** समाज जिसकी 50% से ज्यादा जनसंख्या सूचना सम्बन्धी गतिविधियों में संलग्न होती है ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**22.** **अभिकथन (A) :** सूचना विज्ञान सूचना प्रौद्योगिकी से उभरा है ।
**कारण (R) :** सूचना विज्ञान सूचना प्रौद्योगिकी समेत बहुत से विषयों के समामेलन के साथ उभरा है ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. **Assertion (A) :** Primary Sources provide most authentic information for research.

**Reason (R) :** Primary sources are highly unorganized as far as access is concerned.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

24. **Assertion (A) :** Present decade has accepted E-journals as channels of scholarly communications.

**Reason (R) :** E-publications have added enormous quantity of literature but affected the Quality of research.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) Both (A) and (R) are false.

25. **Assertion (A) :** 'Encyclopaedia is the queen of all reference sources'.

**Reason (R) :** Encyclopaedias are more suitable for finding trend information.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

26. **Assertion (A) :** Online services incur heavy investment at the initial stage.

**Reason (R) :** Online services are costlier than print services.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

27. **Assertion (A) :** CC and UDC are most suitable classification schemes for special libraries.

**Reason (R) :** Most of the special libraries are using either CC or UDC for collection organization.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) (A) true, but (R) is false.

28. **Assertion (A) :** Historical research cannot be regarded scientific as it lacks replication and reliability.

**Reason (R) :** Historical research is truly scientific as it is based on criticism.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. **अभिकथन (A) :** प्राथमिक स्रोत शोध के लिये सर्वाधिक विश्वसनीय सूचना प्रदान करते हैं ।

**कारण (R) :** जहाँ तक अभिगम की बात है प्राथमिक स्रोत अत्याधिक असंगठित होते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

24. **अभिकथन (A) :** वर्तमान दशक ने विद्वतापूर्ण संचार के चैनल के रूप में इ-पत्रिकाओं को स्वीकार कर लिया है ।

**कारण (R) :** इ-प्रकाशनों ने साहित्य की बहुत बड़ी मात्रा का योग किया है परन्तु शोध की गुणवत्ता को प्रभावित किया है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

25. **अभिकथन (A) :** 'एनसाइक्लोपीडिया सभी प्रकार के संदर्भ स्रोतों की रानी है ।'

**कारण (R) :** एनसाइक्लोपीडिया सूचना की अभिमुखता (प्रवृत्ति) ज्ञात करने के लिये ज्यादा उपयुक्त है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

26. **अभिकथन (A) :** ऑनलाइन सेवाओं के लिये प्रारम्भिक अवस्था में भारी निवेश करना पड़ता है ।

**कारण (R) :** ऑनलाइन सेवाएँ मुद्रण सेवाओं की तुलना में ज्यादा महंगी होती है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

27. **अभिकथन (A) :** विशिष्ट ग्रन्थालयों के लिये सी.सी. तथा यू.डी.सी. सर्वाधिक उपयुक्त वर्गीकरण योजनाएँ हैं ।

**कारण (R) :** अधिकांश विशिष्ट ग्रन्थालय या तो सी.सी. अथवा यू.डी.सी. का उपयोग कर रहे हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है ।

28. **अभिकथन (A) :** इतिहासिक शोध को वैज्ञानिक नहीं समझा जा सकता है क्योंकि उसमें पुनरावृत्ति तथा विश्वसनीयता का अभाव होता है ।

**कारण (R) :** इतिहासिक शोध सचमुच में वैज्ञानिक होता है क्योंकि यह आलोचना पर आधारित होता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** **Assertion (A) :** Hypotheses are essential in all types of research.

**Reason (R) :** Research can be conducted without hypotheses.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

**30.** **Assertion (A) :** All research results lead to propounding of new laws, theories and principles.

**Reason (R) :** Laws, Principles and Theories are the result of Scientific Research.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is false but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are false.

**31.** Arrange the following according to their year of first publication :

(i) Colon Classification
(ii) Prolegomena to Library Classification.
(iii) Five Laws of Library Science.
(iv) Classified Catalogue Code

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**32.** Arrange the following in correct order :

(i) Deductive phase
(ii) Empirical phase
(iii) Verification phase
(iv) Hypothesizing phase

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**33.** Arrange the following according to their year of publication

(i) New Encyclopaedia Britannica
(ii) Encyclopaedia Americana
(iii) Encyclopaedia of Library & Information Science
(iv) McGraw Hill Encyclopaedia of Science & Technology

**Codes :**

(A) (ii), (i), (iv), (iii)
(B) (i), (ii), (iv), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**34.** What will be the correct sequence of books on the shelves bearing the following class numbers ?

(i) 2 : 8'N4
(ii) 2 : 8a
(iii) 2 : 81
(iv) 2 : 81a

**Codes :**

(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (i), (ii), (iv), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (ii), (i), (iv), (iii)

**35.** Arrange the following according to their year of emergence :

(i) RDC (ii) ALA Code
(iii) FRBR (iv) AACR1

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (i), (ii), (iv), (iii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** **अभिकथन (A) :** सभी प्रकार के शोध में परिकल्पनाएँ अनिवार्य होती हैं ।

**कारण (R)** : परिकल्पना के बिना शोध किया जा सकता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य है ।

**30.** **अभिकथन (A) :** सभी शोध निष्कर्ष (परिणाम) नये नियम, सिद्धान्त और मूल तत्त्व प्रतिपादित करने की ओर प्रेरित करते हैं ।

**कारण (R)** : नियम, मूलतत्त्व और सिद्धान्त वैज्ञानिक शोध का परिणाम हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) और (R) दोनों असत्य है ।

**31.** निम्नलिखित को उनके प्रथम प्रकाशन के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) कोलन क्लासीफिकेशन

(ii) प्रोलिगॉमिना टू लाइब्रेरी क्लासीफिकेशन

(iii) फाइव लॉज़ ऑफ लाइब्रेरी साइंस

(iv) क्लासीफाइड कैटालॉग कोड

**कूट** :

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**32.** निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित करें :

(i) निगमनीय चरण

(ii) अनुभवाश्रित चरण

(iii) सत्यापन चरण

(iv) परिकल्पना करने का चरण

**कूट** :

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**33.** निम्नलिखित को उनके प्रकाशन के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) न्यु एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका

(ii) एन साइक्लोपीडिया अमेरिकाना

(iii) एन साइक्लोपीडिया ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इनफोर्मेशन साइन्स

(iv) मैकग्रॉ हिल एनसाइक्लोपीडिया ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी

**कूट** :

(A) (ii), (i), (iv), (iii)

(B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (ii), (iv), (i), (iii)

**34.** शेल्फ पर रखी निम्नलिखित वर्गांकों की पुस्तकों का सही अनुक्रम क्या होगा :

(i) 2:8’N4 (ii) 2:8a

(iii) 2:81 (iv) 2:81a

**कूट :**

(A) (i), (iv), (iii), (ii)

(B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (ii), (i), (iv), (iii)

**35.** निम्नलिखित को उनके उद्भव के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) आर डी सी.

(ii) ए एल ए कोड

(iii) एफ आर बी आर

(iv) ए ए सी आर 1

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (i), (ii), (iv), (iii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

prepp Your Personal Exams Guide

**36.** Arrange the following according to their year of enactment :

(i) Information Technology Act
(ii) Copyright Act
(iii) RTI Act
(iv) Digital Millennium Copyright Act

**Codes :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (ii), (iv), (i), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**37.** Arrange the following in order as given in Colon Classification :

(i) $\Delta$ (ii) $\times$
(iii) $\sum$ (iv) 4

**Codes :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv)
(B) (iv), (i), (iii), (ii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**38.** Arrange the following according to their year of development.

(i) Java
(ii) Visual Basic
(iii) C++
(iv) COBOL

**Codes :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (iv), (iii), (ii), (i)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**39.** Arrange the following according to their year of development

(i) Zipf's Law
(ii) Lotka's Law
(iii) Bradford's Law
(iv) Five Laws of Library Science

**Codes :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**40.** Arrange the following in ascending order according to DDC numbers :

(i) Rajput Painting
(ii) Ophthalmology
(iii) Microeconomics
(iv) Elections

**Codes :**

(A) (iv), (iii), (ii), (i)
(B) (iv), (i), (ii), (iii)
(C) (iii), (i), (iv), (ii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**41.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Tamil Nadu Public Libraries Act | (i) 1948 |
| (b) Maharashtra Public Libraries Act | (ii) 1989 |
| (c) Kerala Public Libraries Act | (iii) 1967 |
| (d) Orissa Public Libraries Act | (iv) 2002 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**42.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Ibid | (i) in the work cited |
| (b) Op.cit | (ii) same as above |
| (c) Loc.cit | (iii) in the same pages |
| (d) Vide | (iv) see |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** निम्नलिखित को उनके अधिनियमन के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम

(ii) कॉपीराइट अधिनियम

(iii) आर टी आई अधिनियम

(iv) डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट अधिनियम

**कूट :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)

(B) (ii), (iv), (i), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**37.** निम्नलिखित को उनके विकास वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) Δ  (ii) ×

(iii) ∑  (iv) 4

**कूट :**

(A) (i), (iii), (ii), (iv)

(B) (iv), (i), (iii), (ii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**38.** निम्नलिखित को उनके विकसित होने के वर्षानुसार व्यवस्थित करें :

(i) जावा  (ii) विज़ुअल बेसिक

(iii) C++  (iv) कोबोल

**कूट :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)

(B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**39.** निम्नलिखित को उनके विकसित होने के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :

(i) ज़िप का नियम

(ii) लोटका का नियम

(iii) ब्रेडफोर्ड का नियम

(iv) ग्रन्थालय विज्ञान के पाँच नियम

**कूट :**

(A) (i), (iii), (iv), (ii)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (iii), (iv), (ii), (i)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**40.** निम्नलिखित को डी डी सी अंकों के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :

(i) राजपूत चित्रकला

(ii) नेत्ररोग विज्ञान

(iii) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(iv) चुनाव

**कूट :**

(A) (iv), (iii), (ii), (i)

(B) (iv), (i), (ii), (iii)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**41.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) तमिलनाडु सार्वजनिक ग्रन्थालय अधिनियम | (i) 1948 |
| (b) महाराष्ट्र सार्वजनिक ग्रंथालय अधिनियम | (ii) 1989 |
| (c) केरल सार्वजनिक ग्रंथालय अधिनियम | (iii) 1967 |
| (d) ओड़िसा सार्वजनिक ग्रंथालय अधिनियम | (iv) 2002 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**42.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) आइबिड (आइ बी आइ डी) | (i) उद्धृत कार्य में |
| (b) ओप सिट | (ii) उपर्युक्त जैसा |
| (c) लोक सिट | (iii) उन्हीं पृष्ठों में |
| (d) वाइड | (iv) देखे |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) ALA | (i) 1927 |
| (b) ILA | (ii) 1876 |
| (c) ASLIB | (iii) 1933 |
| (d) IFLA | (iv) 1924 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**44.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) CDS/ISIS | (i) INSDOC |
| (b) Sanjay | (ii) CMC |
| (c) Granthalya | (iii) UNESCO |
| (d) Maitrayee | (iv) DESIDOC |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**45.** Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Bibliography | (i) Persons |
| (b) Yearbook | (ii) Words |
| (c) Dictionary | (iii) Current information |
| (d) Biography | (iv) Books |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

Read the passage given below, and answer the questions based on your understanding of the passage. (Question Nos. **46-50**)

One of the problems with automatic classification techniques is that they normally involve processing the whole collection in response to every request; this is inefficient, because we know in advance that a substantial part of the collection will not be relevant to the request. One of the major objectives of an information retrieval system is to allow the user to discard with the minimum of effort any items not relevant to an enquiry. Classification schemes set out to achieve this by grouping items according to specified characteristics; provided that our specification meets the user's needs, this grouping will be helpful, but if it does not, our organization of information may prove to be a positive hindrance instead of a help. There has been a substantial amount of research into computer techniques which would achieve the same end, by reducing the size of the collection to be searched in response to any given request.

The classical Aristotelian definition of classification states that a class consists of a set of objects having a given characteristic in common, possession of that characteristic being a necessary and sufficient condition for class membership. A document may be described by a number of terms, derived or assigned, and that we expect to retrieve in answer to a request a set of documents which match the request closely but rarely exactly. This arises because the

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) ए एल ए | (i) 1927 |
| (b) आइ एल ए | (ii) 1876 |
| (c) ए एस एल आइ बी | (iii) 1933 |
| (d) आइ एफ एल ए | (iv) 1924 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**44.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) सी डी एस / आइ एस आइ एस | (i) आइ एन एस डी ओ सी |
| (b) संजय | (ii) सी एम सी |
| (c) ग्रन्थालय | (iii) युनेस्को |
| (d) मैत्रई | (iv) डी इ एस आइ डी ओ सी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**45.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) ग्रन्थसूची | (i) व्यक्ति |
| (b) वार्षिकी | (ii) शब्द |
| (c) शब्द कोश | (iii) नवीन सूचना |
| (d) जीवनी | (iv) पुस्तकें |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़िए और परिच्छेद के बारे में अपनी समझ के आधार पर नीचे दिये प्रश्नों **(46-50)** का उत्तर दीजिये ।

स्वचालित वर्गीकरण तकनीकों की एक समस्या यह है कि प्रत्येक निवेदन के जवाब में सम्पूर्ण संग्रह को सामान्यतया संसाधित करना पड़ता है ; यह अदक्षता है, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि संग्रह का काफी भाग निवेदन के हिसाब से प्रासंगिक नहीं होगा । सूचना पुन: प्राप्ति पद्धति का एक मुख्य उद्देश्य उपयोक्ता को निवेदन से प्रासंगिक किसी भी मद को कम से कम प्रयत्न के साथ अलग कर देने की अनुमति देना है । वर्गीकरण योजनाओं ने इसे प्राप्त करने के लिये मदों को निर्दिष्ट विशेषताओं के अनुसार वर्गीकृत किया ; यदि हमारा विनिर्देशन उपयोक्ता की जरूरतों को पूरा करता है तो यह वर्गीकरण सहायक होगा, परन्तु यदि यह पूरा नहीं करता है, तो सूचना का हमारा संगठन सहायता के बजाय सकारात्मक रूकावट सिद्ध होगा । कम्प्यूटर तकनीकों में काफी मात्रा में शोध किया गया है जो कि किसी भी प्रदत्त निवेदन के जवाब में खोजबीन किए जाने वाले संग्रह के आकार को घटा कर उसी लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा ।

वर्गीकरण की क्लासीकीय अरस्तुवादी परिभाषा कहती है कि वर्ग उन वस्तुओं का समुच्चय है जिनकी दी गई विशेषता सर्वसामान्य है, क्योंकि उस विशेषता का स्वामी होना वर्ग सदस्यता की आवश्यक तथा पर्याप्त शर्त है । प्रलेख को कई शब्दों, व्युत्पन्न अथवा निर्दिष्ट, द्वारा परिभाषित किया जा सकता है, और कि हम निवेदन के जवाब में उन प्रलेखों के समूह को पुन: प्राप्त करने की अपेक्षा करते हैं जो निवेदन से घनिष्ट रूप से मेल खाते हैं परन्तु विरले ही ठीक-ठीक मेल खाते हैं । ऐसा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

terms used to describe documents fall into a number of classes, and we can never be exhaustive in our characterization. In other words, we hope to retrieve a set of documents which maximizes the match between the query and the description of the classes into which the desired documents fall, without expecting the match to be exact in classical terms. Aristotelian classification assumes a single essential element; documentary classification assumes that related document will share a number of elements, without necessarily having all of those specified in a particular query.

**46.** One of the problems of automatic classification is that :

(A) It does not process the whole collection to answer a query.

(B) It processes the part collection to answer a query.

(C) It processes the whole collection to answer a query.

(D) The substantial part of the processed collection will be relevant.

**47.** One of the major objectives of an IR system is

(A) To help the user to express their actual need.

(B) To help the user to discard irrelevant items with the minimum effort.

(C) To help the user not to discard irrelevant items with the minimum effort.

(D) To help the user to maximize their effort to locate an irrelevant item.

**48.** What does the research in computer techniques aim at ?

(A) To increase the size of the collection to be searched not in response to any given request.

(B) To increase the size of the collection to be searched in response to any given request.

(C) To reduce the size of the collection to be searched in response to any given request.

(D) To reduce the size of the collection to be searched not in response to any given request.

**49.** Aristotelian definition of classification states that :

(A) No class should have common characteristics.

(B) A class should consist of a set of common terms.

(C) A class should consist of related common characteristics.

(D) A class should consist of a set of objects having a given characteristic in common.

**50.** Documentary classification assumes that

(A) A single element is essential.

(B) Related documents will share a number of elements having all those specified in a particular query.

(C) Related documents will share a number of elements, without necessarily having all those specified in a particular query.

(D) Documents should have a number of elements.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

इसलिये होता है क्योंकि प्रलेखों को परिभाषित करने के लिये उपयोग किये जाने वाले शब्द/पद कई वर्गों में आते हैं, और हम विशेषताओं के चित्रण में कभी सर्वांगीण नहीं हो सकते हैं । दूसरे शब्दों में, हम प्रलेखों के उस समुच्चय को पुन: प्राप्त करने की आशा करते हैं जो, पूछताछ और वांछित प्रलेखों के वर्गों के वर्णन के बीच मेल अधिकतम करता है, और क्लासीकीय शब्दों में मेल के ठीक-ठीक होने की अपेक्षा नहीं की जाती है । अरस्तुवादी वर्गीकरण एकल अनिवार्य तत्त्व की कल्पना करता है ; प्रलेखीय वर्गीकरण कल्पना करता है कि सम्बन्धित प्रलेखों के कई तत्त्व एक समान होंगे और यह आवश्यक न होगा कि विशेष पूछताछ में निर्दिष्ट तत्त्व शामिल हों ।

**46.** स्वचालित वर्गीकरण की एक समस्या है कि
(A) यह पूछताछ के सम्पूर्ण संग्रह को संसाधित नहीं करता है ।
(B) यह पूछताछ का जवाब देने के लिये आंशिक संग्रह को संसाधित करता है ।
(C) यह पूछताछ का जवाब देने के लिये सम्पूर्ण संग्रह को संसाधित करता है ।
(D) संसाधित संग्रह का काफी भाग प्रासंगिक होगा ।

**47.** आई आर पद्धति का एक मुख्य उद्देश्य है
(A) उपयोक्ता को अपनी वास्तविक जरूरत व्यक्त करने में सहायता करना ।
(B) उपयोक्ता को अप्रासंगिक मदों को कम से कम प्रयत्न के साथ अलग करने में सहायता देना ।
(C) उपयोक्ता को अप्रासंगिक मदों को कम से कम प्रयत्न के साथ अलग नहीं करने में सहायता देना ।
(D) उपयोक्ता को अप्रासंगिक मद खोजने में अपने प्रयत्नों को अधिकतम करने में सहायता करना ।

**48.** कम्प्यूटर तकनीकों में शोध का लक्ष्य क्या है ?
(A) खोजबीन किये जाने वाले संग्रह के आकार को बढ़ाना परन्तु किसी दिये गये निवेदन के जवाब में नहीं ।
(B) खोजबीन किये जाने वाले संग्रह के आकार को किसी प्रदत्त निवेदन के जवाब में बढ़ाना ।
(C) खोजबीन किये जाने वाले संग्रह के आकार को किसी प्रदत्त निवेदन के जवाब में घटाना ।
(D) खोजबीन किये जाने वाले संग्रह के आकार को घटाना परन्तु किसी प्रदत्त निवेदन के जवाब में नहीं ।

**49.** वर्गीकरण की अरस्तुवादी परिभाषा कहती है कि
(A) किसी वर्ग की समान विशेषताएँ नहीं होनी चाहिये ।
(B) वर्ग समान पदों का समुच्चय होना चाहिये ।
(C) वर्ग में सम्बन्धित समान विशेषताएँ होनी चाहिये ।
(D) वर्ग ऐसी वस्तुओं का समुच्चय होना चाहिये जिनमें प्रदत्त विशेषता एक समान है ।

**50.** प्रलेखनीय वर्गीकरण कल्पना करता है कि
(A) एकल तत्त्व अनिवार्य है ।
(B) सम्बन्धित प्रलेखों में कई तत्त्व, जो कि विशेष पूछताछ में निर्दिष्ट किये गये हैं एक समान होंगे ।
(C) सम्बन्धित प्रलेख साक्षा रूप से कई सारे तत्त्व बाटेगें जिसमें जरुरी नहीं है कि वे सभी तत्त्व हों जो कि विशेष प्रश्न में उल्लेखित किये गये ।
(D) प्रलेखों में कई तत्त्व समाविष्ट होने चाहिए ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide